हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 28 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री


13 64 करोड़ की लागत से बुझेगी नगरीवासियों की प्यास





14 कांकेर की घटना निंदनीय, लेकिन सरकार सभी के साथ न्याय ...














## खबर संक्षेप

### राजमानस संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

**धमतरी।** श्री राजमानस संघ छत्तीसगढ़ धमतरी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सत्संग भवन गोकुलपुर में 28 दिसम्बर रविवार को प्रातः 11 बजे रखा गया है। राजमानस संघ धमतरी के वार्षिक सम्मेलन की समीक्षा भी होगी। यह जानकारी सचिव डॉ. जेएल देवांगन श्री राजमानस संघ धमतरी ने दी है।

### मुजगहन में 30 को होगी मड़ई

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन में 30 दिसम्बर को मड़ई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक दल राग अनुराग कला मंच दुर्ग द्वारा आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### माकरदोना में मड़ई 2 जनवरी को

**धमतरी।** ग्राम माकरदोना में 2 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम लोककला नाच पार्टी ग्राम निपानी बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्रवण नेताम, कोषाध्यक्ष मस्तराम साहू, सचिव लोकेश साहू, विनोद मरकाम, लखन मरकाम, देवनारायण पटेल ने दी है।

समर्थन मूल्य के भरोसे किसान बेचेंगे उपज, बाजार में टूट गए दाम

# किसानों ने लगाई चने की फसल तो मार्केट की हालत हुई खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस साल किसानों ने बड़े क्षेत्रफल में चना और अन्य दलहनी फसल लगाई है, लेकिन उत्पादन से पहले ही मार्केट में दलहन के दाम हद से ज्यादा टूट गए हैं। आउट सीजन दलहन के दाम 7 हजार रुपए क्विंटल जा रहा था, जो इस साल 52-53 सौ रुपए में सिमट गया है। ऐसे में किसान अब अब समर्थन मूल्य के भरोसे हो गए हैं।



धान की खेती में हो रहे नुकसान की भरपाई और प्रशासन के पानी बचाओ अभियान से जुड़कर बड़ी संख्या में अंचल के किसानों ने इस बार रबी सीजन में चने की फसल लगाई है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 17 हजार हेक्टेयर में चने की फसल का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 15 हजार हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल लक्ष्य से ज्यादा में चने की बोनी होगी। खुले बाजार में चने के भाव काफी कम हो गए हैं। जानकारी के अनुसार अक्टूबर से फरवरी तक के बीच चने को अच्छा भाव मिलता था, लेकिन इस साल रेट टूट गया है। पिछले साल इस अवधि में चना 65-70 रुपए प्रति किग्रा बिका था, जबकि इस साल 52-53 रुपए में सिमट गया है। ऐसे में किसानों को प्रति क्विंटल 1300-1400 रुपए का नुकसान हो रहा है। तिवड़ा, अरहर, मटर, मसूर जैसे दलहन की भी स्थिति खराब है। इनके दाम भी प्रति क्विंटल 1000 से 2000 रुपए तक टूटे हैं।

### चना रोककर पछता रहे किसान

पिछले साल रबी में करीब 16 हजार हेक्टेयर में चने की फसल लगी थी। अधिकांश किसानों ने समर्थन मूल्य पर चना बेच दिया था, लेकिन कई किसानों ने चना को बीच सहित अन्य उपयोग के लिए रोककर रख लिया था। मूल्य में गिरावट से इन किसानों को काफी नुकसान हुआ है। किसान युवराज शर्मा, खेमराज सिन्हा ने बताया कि चना को कोल्ड स्टोरेज में रखने, वहां तक पहुंचाने और लाने में काफी खर्च हुआ है। इसके बाद भी रेट नहीं मिल रहा है।

### समर्थन मूल्य में 200 रुपए की वृद्धि

राहत की बात है कि शासन द्वारा धमतरी जिले में चने को समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। पिछले साल किसानों से प्रति एकड़ 6 क्विंटल चने की खरीदी की गई थी। यही नहीं किसानों को 5650 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया गया। इस साल चना के समर्थन मूल्य में 200 रुपए वृद्धि करते हुए प्रति क्विंटल 5850 रुपए का समर्थन मूल्य दिया जाएगा। मार्केट में चने की कमजोर स्थिति को देखते हुए किसान अपनी उपज बेचने के लिए समर्थन मूल्य में खरीदी पर निर्भर हो गए हैं। यहां पर उन्हें संतोषप्रद मूल्य मिल जाएगा, लेकिन समर्थन मूल्य पर बेचने के बाद बची हुई उपज को उन्हें मार्केट में औने-पौने दाम में बेचना होगा।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बैंक कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाईवे से होते हुए लौट रहे बैंक कर्मी युवक को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार गुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी निवासी भीषम यादव रायपुर स्थित आरबीएन बैंक में कार्यरत था। युवक शुक्रवार की रात्रि मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 के 6075 में सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए अपने घर कनेरी जा रहा था। इसी दौरान पुट्टु ढाबा से पहले निर्मल फ्यूल्स के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को ठोकर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद अज्ञात चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर वरदान परामर्श सेवा संस्था के शिवा प्रधान व डुमन साहू तत्काल एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को गुरुर मर्रच्यूरी पहुंचाया। पुलिस ने शनिवार को शव को पंचनामा व पोस्टमार्टम कराया।

### ढाबा व पेट्रोल पंप के बीच हुआ हादसा



# वारिसान पंजीयन में त्रुटि, 0.55 हेक्टेयर जमीन गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वारिसान पंजीयन के दौरान त्रुटि होने से ग्राम चारभाठा का किसान हताश और परेशान है। किसान ने कलेक्टर को आवेदन कर त्रुटि सुधार करने की मांग करते हुए कहा है कि 20 दिन के भीतर त्रुटि सुधार नहीं होने पर परिवार समेत अनशन के लिए बाध्य होंगे।

कुरूद विकासखंड के ग्राम चारभाठा निवासी कमलेश कुमार सोनकर ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि उसके बड़े भाई सुखीतलाल सोनकर पिता स्व. ठाकुरराम सोनकर के नाम पर 0.55 हेक्टेयर जमीन थी। पिता के अचानक स्वर्गवास होने के कारण उपार्जन केन्द्र में धान बेचने के लिए वारिसान पंजीयन कराना आवश्यक हो गया था। 25 नवम्बर को वारिसान पंजीयन के लिए सम्पूर्ण दस्तावेजों को तहसील कार्यालय कुरूद में जमा किया। 7 दिसम्बर को टोकन एप में पिता का किसान कोर्ड नंबर निरस्त और उसके नाम एप में पिता का रकबा 1.84 हेक्टेयर शामिल हो गया। पीड़ित किसान ने बताया कि पिताजी के नाम रकबा उसके नाम पर तो आ गया लेकिन उसके नाम पर पहले से दर्ज 0.55 हेक्टेयर जमीन एप तथा भुईयां पोर्टल से गायब हो गई। गायब जमीन को वापस अपने नाम दर्ज कराने तहसील कार्यालय कुरूद और उपार्जन केन्द्र सिरसिदा (गुदगुदा) का लगातार चक्कर लगा रहा है। त्रुटि सुधार में किसी प्रकार की पहल नहीं होने से वह आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं।



पीड़ित किसान ने अपने परिवार के साथ अनशन करने की दी चेतावनी

पीड़ित किसान ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि वारिसान पंजीयन में हुई त्रुटि को अतिशीघ्र सुधार कर परिवार को राहत प्रदान करें। अगर 20 दिन के भीतर सुधार नहीं हुआ तो वे सपरिवार अनशन करने को बाध्य होंगे।

# फारेस्ट के चौकीदार को बड़े भाई ने मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अज्ञात कारणों से फारेस्ट विभाग में पदस्थ चौकीदार को बड़े भाई ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। घायल को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

■ विंध्यवासिनी वार्ड की घटना

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय विंध्यवासिनी वार्ड निवासी अमन बघेल उम्र 24 वर्ष पिता राजकुमार बघेल फारेस्ट विभाग में चौकीदार के पद पर पदस्थ है। पिता की मृत्यु के बाद अमन बघेल अनुकंपा नियुक्ति पर वन विभाग के सिहावा चौक स्थित डिवीजन आफिस में चौकीदार के पद पर कार्यरत है। उसका बड़ा भाई आकाश बघेल आटो चलाता है। बीते 25 दिसंबर की शाम वह अपने घर पर था। इसी दौरान किसी बात को लेकर बड़े भाई आकाश बघेल ने धारदार चाकू से छोटे भाई अमन की पीठ पर हमलाकर दिया। हमले में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने दूसरे दिन उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया। घायल का रायपुर के अस्पताल में उपचार जारी है।



### भाजयुमो आज बघेल-सिंहदेव का पुतला दहन करेगी

**धमतरी।** कांग्रेस नेता भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव द्वारा साधु-संतों और सनातन संस्कृति के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा आज रविवार को गांधी मैदान में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि कांग्रेस की इस तरह की बयानबाजी से सनातन आस्था आहत हुई है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला महामंत्री चेतन साहू और जय हिंदूजा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नेताओं के बयान पर विरोध दर्ज कराया।




## खबर संक्षेप

### मेला देखने आए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक युवक ने चार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अज्जू देवार ने अमर बाग, देवा, दुर्गेश तथा देवराज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अज्जू ने पुलिस को बताया है कि वह अपने परिजनों के साथ गुरुवार देर रात मेला, नाचा देखने राजेंद्र नगर गया था। मेला में अकेले घूमने के दौरान अमर ने अज्जू को अपने साथ चलने के लिए कहा। इनकार करने पर अमर तथा उसके साथियों ने अज्जू के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आने पर बदमाशों ने अज्जू के बड़े पिताजी के लड़के पर किसी नुकीली वस्तू से वार कर मौके से फरार हो गए।

### घर से चोरी कर कर रहे भाग रहे युवक की ऊंचाई से गिरने पर मौत

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने एक माह पूर्व घर से चोरी कर भाग रहे युवक की ऊंचाई से गिरकर मौत मामले में मर्ग तथा चोरी का अपराध दर्ज किया है। दलदल सिवनी निवासी संदीप बिहानी ने 15 नवंबर को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। संदीप रियल इस्पात में सेल्स हेड के पद पर कार्यरत है। घटना दिनांक को वह अपने ऑफिस से घर आने के बाद बैग घर पर छोड़ अपनी पत्नी के साथ वीआईपी रोड चला गया। घर आने पर संदीप को उसके बेटे ने चोरी होने की जानकारी दी। संदीप के घर के पास फैजान नामक युवक औंधे मुंह गिरा पड़ा था। युवक की जेब तथा बैग की तलाशी लेने पर संदीप के नकदी 81 हजार रुपए तथा अन्य कीमती सामान मिला। पुलिस को आशंका है कि फैजान चोरी कर भागने की जल्दी में ऊंचाई से गिर गया होगा और उसकी मौके पर मौत हो गई।

## निधन

### श्रीमती मालती मिश्रा



**धमतरी।** श्रध्दा नगर निवासी श्रीमती मालती मिश्रा पति मनहरण लाल मिश्रा उम्र 79 वर्ष का 27 दिसंबर की रात्रि 7 बजे लंबी अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। वे अजय मिश्रा की माता एवं कृपाशंकर मिश्रा की भाभी थी। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निवास स्थान श्रध्दा नगर से शांतिघाट के लिए निकलेगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री रेखराम पिता सुखूराम जाति सतनामी निवासी ग्राम सोनपुर तहसील कुरूद जिला धमतरी से उनके स्वामीत्व एवं अधिपत्य का ग्राम सोनपुर प.ह.न. 31 तहसील कुरूद जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नं. 153/6 रकबा 0.22 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है जिसका मात्र पंजीयन / रजिस्ट्री किया जाना शेष रहा है उक्त क्रय विक्रय मे यदि किसी व्यक्ति, बैक, संस्था बोर्ड निगम प्राधिकरण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अपने अधिवक्ता व स्वयं के द्वारा इस सूचना प्रकाशन से 10 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र कि लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा मे प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नही होगी। अतःसादर सूचना जाने।

धामूराम साहू (अधिवक्ता)
पताः- वार्ड क्रमॉक 07, मंडी रोड शॉप क्र -03 नगर पंचायत भखारा तहसील - भखारा, जिला - धमतरी छ.ग.
मो.नं. 9827597255

आलेखुंटा में तीन दिवसीय पंथी स्पर्धा का समापन, पंथी गीतों पर झूमे दर्शक

# घासीदास बाबा ने समानता, सद्भावना का मार्ग किया प्रशस्त : तारिणी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम आलेखुंटा में सतनामी समाज और ग्रामवासियों के तत्वावधान में 24 से 26 दिसंबर तक तीन दिवसीय बाबा घासीदास पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को सतनामी समाज द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसका समापन 26 दिसंबर को हुआ। शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया। समापन दिवस की मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी रही। उनके साथ नीलम चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत धमतरी भी शामिल हुए। अतिथियों द्वारा घासीदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। तारिणी चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। बाबा के विचार आज भी सामाजिक एकता, भाईचारे और समरसता को सुदृढ़ करते हैं। नीलम चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के उपदेश और जीवन आचरण समाज को सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक समरसता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उनका संदेश मनखे-मनखे एक समान मात्र कथन नहीं, बल्कि मानवता को एक सूत्र में पिरोने वाला ऐसा दर्शन है, जो समतामूलक, न्यायसंगत और भेदभावमुक्त समाज की आधारशिला रखता है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपक मनहर, उपाध्यक्ष मंशाराम चतुर्वेदी, सचिव दीनूराम मनहरे, कोषाध्यक्ष दुर्गेश बंजारे, परमानंद घृतलहरे, भुनेश्वर मनहरे, संयोजक राजेंद्र मनहरे, जितेंद्र वत्सल, संस्थापक अनिल लहरे, कैलाश मनहरे, अशोक यादव, जीवनलाल का भरपूर सहयोग रहा। रात्रि में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहनी गुंईया (हेमलाल चतुर्वेदी) बेमेतरा की अनुपम प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में पंथी गीतों ने समां बांध दिया। दर्शक की भीड़ झूमते नजर आई।

## हसदा में लाखों के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- कुरुद विधानसभा क्षेत्र के गांवों का तेजी से हो रहा विकास : अजय



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम हसदा में शुक्रवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक अजय चंद्राकर ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरुद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में तेजी से विकास हो रहा है। राज्य की सारी सुख- सुविधाएं कुरुद में मिल रहा है। उन्होंने युवकों को उच्च शिक्षा लेने कहा ताकि कुरुद विधानसभा में उन्हें रोजगार मिल सके। कुरुद विधानसभा क्षेत्र के करेली बड़ी में औद्योगिक क्षेत्र का विकास होगा। युवकों को रोजगार भी मिलेगा। सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पेयजल समेत सभी मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। हसदा में सीसी सड़क, सामुदायिक भवन, नाली निर्माण, महतारी सदन समेत अनेक कार्य विकास हो चुके हैं। उन्होंने हसदा में शीतला सामुदायिक भवन, टिना शेड, रंगमंच का जीर्णोध्दार, मोहरेंगा में टिन शेड भूमिपूजन एवं हसदा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 2 का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड ने की। विशिष्ट अतिथि मीना साहू सभापति जिला पंचायत धमतरी, राजेश साहू सभापति जपं मगरलोड, श्याम साहू पूर्व अध्यक्ष जपं मगरलोड, होरीलाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मेघा मंडल, दुर्गेश यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति शाउमावि हसदा, सरपंच ईश्वरी कांशी साहू, उपसरपंच भूषण यादव, सचिव छबिलाल साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष रोहित साहू, कांशीराम साहू, हेमंत साहू, प्रीतराम देवांगन समेत अन्य थे।

## छुही के अटल चौक में भारत रत्न वाजपेयी की जयंती मनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम छुही के अटल चौक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटलजी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिपं सभापति अजय ध्रुव, जपं नगरी के सभापति शुभम यदु, महामंत्री टिकेश्वर साहू, उपसरपंच यामिनी सिन्हा, महामंत्री ऋतु साहू, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, डागेश्वर चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, राजकपूर सेन, यशपाल साहू, राजेश सिन्हा, वसुधा चंद्राकर, बेबी साहू, रमेश साहू, भूपेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान, उनके सुशासन, दूरदर्शिता और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के मिलन से जीवंत हुआ नवोदय विद्यालय

- विद्यार्थियों ने संबलपुरी, क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया







हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

गुरुवार को नवोदय विद्यालय कुरुद में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह से नवोदय विद्यालय जीवंत हो उठा। पूर्व छात्रों की एक साथ एक मंच पर उपस्थिति तथा विद्यालय के प्रति जुड़ाव और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच एक सेतु के रूप में परिलक्षित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विद्यार्थियों के आगमन से हुई। विद्यार्थियों का तिलक रोली चंदन से स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं के पंजीयन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार विद्यार्थी, उपप्राचार्य एवं पूर्ववर्ती छात्र - छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण तथा रमेश सोनी द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों द्वारा संबलपुरी, क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व शिक्षकों का सम्मान प्राचार्य ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर किया। सम्मानित शिक्षकों में प्रदीप गजानन बेहरे, कन्हैयालाल देवांगन, समीर देवांगन, राठिया एवं पूर्व- छात्रों में डा. लक्ष्मीप्रिया साहू, विकास उपाध्याय, ऋषभ गंगवीर, मनस्वी साहू ने अपने विचार साझा किए। प्राचार्य विद्यार्थी ने एल्युमिनी के महत्व पर प्रकाश डाला। एलुमनी के सफल संचालन के लिए समिति गठित करने के सुझाव दिए। पूर्ववर्ती छात्रों ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया।

## गुरु घासीदास के विचार मानव जाति के लिए मूल्यवान : गौकरण

- नारी में मनाई घासीदास जयंती, पंथी नृत्य देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम नारी में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 25 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिका पंथी पार्टी दूधवारा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू थे। अतिथियों ने बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास के विचार मानव जाति के कल्याण के लिए सदा मूल्यवान रहेंगे। मौके पर जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी, सभापति प्रतिनिधि जपं कुरूद रूपचंद देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि सालिकराम साहू, उपसरपंच नंदलाल सोनकर, हिरामन चक्रधारी, कृपाराम यादव, बिहारी निषाद, रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश कुर्रे सहित सतनामी समाज के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे। रात्रि में परसा के फूल कवर्धा कबीरधाम की प्रस्तुति हुई जिसे देखने दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही।

### रक्तदान शिविर आज

**अंवरी।** मोनिका साहू की स्मृति में गांधी चौक ग्राम खुरसेंगा में रक्तदान शिविर का आयोजन 28 दिसंबर को किया गया है। डॉ विश्वनाथ साहू पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद ने बताया कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावनाएं कम होती हैं। मोटापा वजन कम करने में मदद मिलती है। रक्तदान से शरीर में एनर्जी आती है। रक्तदान करने से लीवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लिवर हेल्दी बनता है। कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान हर 3 महीने के बाद किया जा सकता है।

## अंचल की खबरें

### ट्यूबलर पोल के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शीतला मंदिर के पास नवनिर्मित बीटी सड़क निर्माण के पश्चात अब वार्डवासियों को ट्यूबलर पोल की सौगात मिलने जा रही है। यह सुविधा नगर पंचायत नगरी के पार्षद राजा पवार के प्रयास से उपलब्ध कराई जा रही है। 45000 की लागत से निर्मित होने वाले 16 नग ट्यूबलर पोल स्थापना कार्य का भूमिपूजन सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने किया। यह ट्यूबलर पोल शीतला मंदिर से ब्राह्मण समाज के सामुदायिक भवन तक लगाए जाएंगे। इस व्यवस्था के पूर्ण होने के बाद अब इस मार्ग पर नागरिकों को अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, उप अभियंता परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर दुर्गेश साहू, ईश्वर कुलदीप, पुष्कर पाटिल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने मुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**जीजामगांव।** विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम मुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने कहा कि हमारी ग्रामीण संस्कृति में बच्चों का संस्कार उत्सव पूरे गांव की खुशियों का केंद्र होता है। श्री चंद्राकर सरपंच राकेश साहू के घर आयोजित उनके पुत्र के नामकरण संस्कार एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। राकेश साहू ने कहा कि अगर कोई जनसेवक अपने छोटे कार्यकर्ता के सुख दुख में शामिल होता है तो कार्यकर्ता अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं।

### सिवनीकला में मनाई गई अटल बिहारी की जयंती



**सिर्री।** ग्राम पंचायत सिवनीकली के अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। उनके छायाचित्र पर गुलाल लगाकर माल्यार्पण किया गया। उनको स्मरण किया गया। थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी ने स्व. अटल बिहारी की देश के प्रति समर्पण, राजनीतिक गतिविधियों, उपलब्धियों सहित छत्तीसगढ़ की स्थापना आदि विषय में किए गए कार्यों और उनके व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर टेकराम साहू जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष, वेदप्रकाश साहू सचिव, लता ध्रुव सरपंच, उपसरपंच दीपदान साहू, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच विक्रम साहू, बूथ अध्यक्ष कपिलदेव पटेल, ग्राम पटेला सुरेश तारक, सुरेश साहू, दिलीप साहू, द्विजराम साहू, रामआसरा किशन, रामेश्वर, राधिका पटेल, धरमिन साहू, वेणुका साहू, शशि, कुलेश्वरी, शांता, भगवती, परमिला, मीना, लक्ष्मी, कमला, फलेश्वरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### वीर बाल दिवस पर हुई निबंध, रंगोली प्रतियोगिता



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह महाराज के वीर पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। उनके द्वारा धर्म रक्षा, त्याग बलिदान, देशभक्ति की भावना के लिए किए गए उनके बलिदान को याद किया गया। बच्चों में देशभक्ति एवं त्याग की भावना को विकसित करने के लिए यह वीर बाल दिवस को मनाया जाता है। इससे बच्चों में अपने देश वो धर्म के प्रति विश्वास की त्याग की भावना का विकास हो सके। बच्चों द्वारा निबंध, ड्राइंग, गीत, कविता, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर संस्था प्रमुख एमआर मनहर, व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एम ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## वीरता का संबंध उम्र से नहीं, बल्कि संस्कारों और साहस से है





हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- मेघा स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में वीर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता राहुल जैन ने बताया कि सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्र हुए। दो पुत्र चमकौर के युद्ध में शहीद हुए। 26 दिसंबर सन 1705 को उनके और दो पुत्र फतेह सिंह और जोरावर सिंह को मुगलों द्वारा दीवारों में चुनवा दिया गया । शाला विकास समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि वीरता का संबंध उम्र से नहीं, बल्कि संस्कारों और साहस से होता है। गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों ने इसे सिद्ध कर दिखाया।

साहिबज़ादों का यह बलिदान हमें सिखाता है कि धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए आयु मायने नहीं रखती। उनका त्याग सदैव भारत वर्ष को प्रेरित करता है। बच्चों ने रंगोली, स्लोगन, कविता एवं चित्रकला के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, प्राचार्य दीप कुमार साहू, श्रीमती अजीत कौर, श्रीमती जगजीत कौर, चंद्रशेखर विश्वकर्मा, राजेश साहू ,चिरौंजी लाल साहू, वेदराम साहू समेत शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षिका कीर्तिलता साहू द्वारा किया गया।



## अंचल की खबरें

### खरेंगा में पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन



**धमतरी।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती ग्राम खरेंगा के अटल चौक में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच मोहन साहू, सुभाषचंद्र साहू, हीरेंद्र साहू, विनोद विश्वकर्मा, रघुराम साहू, बूथ अध्यक्ष हेमलाल साहू, सियाराम साहू, चोवाराम साहू, अशोक साहू, परदेसी राम साहू, राजेंद्र विश्वकर्मा, उमेश साहू, सुरेश साहू, लोकेश्वर साहू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### महापौर ने मनकी देवी कश्यप को दी श्रद्धांजलि



**धमतरी।** वन मंत्री केदार कश्यप की मां श्रीमती मनकी देवी कश्यप का गत दिनों निधन हो गया। उनके गृह ग्राम भानपुरी में आयोजित शोकसभा में नगर निगम महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोकसंतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### किसानों को बताया प्राकृतिक खेती का महत्व




**धमतरी।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ब्रम्हाकुमारीज धमतरी केंद्र में एक प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को यौगिक एवं जैविक खेती के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक खेती के लाभों से परिचित कराना रहा। ब्रम्हाकुमारीज धमतरी केंद्र की संचालिका सरिता ने किसानों को बताया कि यौगिक खेती के माध्यम से बिना रसायन के सकारात्मक संकल्प और पवित्र भावनाओं के साथ की गई खेती न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन प्राजक्ता बहन द्वारा किया गया।

### औद्योगिक वार्ड में पानी की समस्या का समाधान



**धमतरी।** औद्योगिक वार्ड में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या का समाधान अब नजर आने लगा है। वार्डवासियों ने स्वयं चंदा इकट्ठा किया और पार्षद के सहयोग से निगम प्रशासन को सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की। इस प्रयास के बाद निगम के कर्मचारी वार्ड में आवश्यक कार्यों के लिए भेजे गए। वार्ड पार्षद ने महापौर से वार्ड के छोटे-छोटे विकास कार्यों में पार्षद निधि खर्च करने की अनुमति का अनुरोध किया, जिसे महापौर ने सकारात्मक रूप से लिया। पार्षद ने कहा कि इससे न केवल स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान होगा बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी।

### महापौर ने अटल स्मृति निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**धमतरी।** ग्राम हरफतराई में अटल स्मृति निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता और करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, सुशासन और राष्ट्रहित को समर्पित रहा है। अटल स्मृति का निर्माण आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगा। मौके पर नगर निगम के एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, सरपंच, पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने अटल स्मृति निर्माण की स्वीकृति एवं भूमिपूजन हेतु महापौर रामू रोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पीएमश्री स्कूल बठेना में सुशासन दिवस मना



**धमतरी।** पीएम श्री एमआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री के छायाचित्र पर पुष्प व तिलक वंदन के साथ की। सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर ने कहा कि श्री वाजपेयी देश के एक सशक्त एवं सुदृढ़ नागरिक थे। उनकी कार्यशैली व सहजता सरलता हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। हम सभी को इस सुशासन दिवस पर स्व.वाजपेयी की तरह एक जागरूक व सशक्त नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी भी सजग व जागरूक हो। प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने सुशासन दिवस पर बच्चों को संबोधित किया। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

अमृत मिशन 2.0 का शुभारंभ, 40-50 वर्षों तक मिलेगा शुद्ध पेयजल

# चौसठ करोड़ रू. की लागत से बुझेगी नगरीवासियों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत नगरी में अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 64 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। यह योजना नगर को आगामी 40 से 50 वर्षों तक पेयजल संकट से मुक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अमृत मिशन के तहत नगरी नगर पंचायत को यह राशि प्रदान की गई है। योजना का शुभारंभ सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत लगभग 25 किलोमीटर दूर सोंढूर डैम से पानी लाकर नगरी के डमकाडीही वार्ड क्रमांक 1 क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। यहां से क्लियर वॉटर हेतु लगभग 7 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी तथा 500 केएल क्षमता का वॉटर टैंक एवं फिल्टर प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित सिंचाई कॉलोनी ऑफिस के पास 550 केएल तथा कोर्ट पारा परिसर में 330 केएल क्षमता के वॉटर टैंकों का निर्माण किया जाएगा। नगर में लगभग 53 किलोमीटर पाइपलाइन विस्तार कर 4259 घरों तक शुद्ध फिल्टर पानी सीधे नल के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह योजना नगर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए यह परियोजना आने वाले दशकों तक जल संकट से राहत दिलाएगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत की सभापति अलका साव, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, शकर देव, नरेश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा, विधायक प्रतिनिधि सचिन भंसाली, मंडल प्रभारी रवि दुबे, नगर पंचायत सीएमओ यशवंत वर्मा, उपअभियंता परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, परियोजना से जुड़े इंजीनियर एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## छग सहायक, समग्र शिक्षक संघ ने की डीईओ से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छग सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षाधिकारी धमतरी से मिला। यह मुलाकात जिले में प्रस्तावित प्रधानपाठक पदोन्नति की प्रक्रिया के अंतर्गत जारी की गई सहायक शिक्षकों की अस्थायी वरिष्ठता सूची को लेकर की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि जारी वरिष्ठता सूची में कई शिक्षकों के नाम सम्मिलित नहीं हैं, वहीं अनेक शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता, कार्यरत संस्था एवं सेवा विवरण में त्रुटियां पाई गई हैं, जिससे योग्य शिक्षकों के पदोन्नति से वंचित होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। फेडरेशन द्वारा जिला शिक्षाधिकारी के समक्ष प्रमुख मांगें रखी गईं जिसमें वरिष्ठता सूची की त्रुटियों का शीघ्र सुधार, दावा–आपत्ति आमंत्रण हेतु स्पष्ट एवं पर्याप्त समयावधि सुनिश्चित करना, प्रधान पाठक पदों की रिक्त पद संख्या सार्वजनिक करना तथा पदोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु काउंसलिंग में रिक्त पदों के चार गुना (4 गुना) अभ्यर्थियों को बुलाए जाने की व्यवस्था करना शामिल है।

मुलाकात के दौरान डीईओ अभय कुमार जायसवाल ने विषय की गंभीरता को देखते हुए स्थापना शाखा प्रभारी रूपेंद्र कुमार साहू को बुलाकर आवश्यक निर्देश दिए। संगठन की पहल पर दावा- आपत्ति आमंत्रण हेतु तत्काल आदेश भी प्रसारित किए गए, जिसे फेडरेशन ने सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य कदम बताया। काउंसलिंग में चार गुना अभ्यर्थियों को बुलाए जाने की मांग पर भी डीईओ द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गजानंद सोन, जिला सचिव भेषज साहू, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, जिला संगठन मंत्री खेमचंद देशलहरे, टिकेश्वर साहू, बलभद्र साहू, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शिवानी रावत, संजय सोनवानी, जिला कोषाध्यक्ष नवीन मारकंडे एवं सहसचिव दुष्यंत सिन्हा उपस्थित थे।

## माता-पिता की सच्ची सेवा कर ली तो तीर्थ करने की भी जरूरत नहीं : साध्वी वर्षा



■ ग्राम सांकरा में शिवमहापुराण सुनने उमड़ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में श्री राधे-राधे सत्संग परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा में कथा वाचिका निरंजनी अखाड़ा उज्जैन से पहुंची सुश्री वर्षा नागर ने कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर वध, गणेश जन्म एवं भक्त ऋषि उपमन्यु की कथा सुनाई।

सुश्री नागर ने चौथे दिन कार्तिकेय और गणेश जन्म और उनमें से कौन बड़ा है, यह जानने के लिए हुई प्रतियोगिता की कथा सुनाई। नारद जी द्वारा दिए गए एक फल के लिए शिव-पार्वती ने दोनों भाइयों से ब्रह्मांड की परिक्रमा करने को कहा। कार्तिकेय मोर पर सवार होकर निकल पड़े, वहीं गणेश ने अपनी बुद्धि से माता-पिता की परिक्रमा कर उन्हें ही



ब्रह्मांड बताया, जिससे वे पहले ही विजेता बन गए और उन्हें श्रेष्ठ माना गया। यह कथा प्रेम, बुद्धि और भक्ति का सार बताती है। उन्होंने ऋषि उपमन्यु की कथा बताते हुए कहा कि भगवान शिव ने अपने परम भक्त ऋषि उपमन्यु को क्षीरसागर प्रदान किया था, क्योंकि उपमन्यु ने अत्यंत कठोर तप और भक्ति से उन्हें प्रसन्न किया था और उनकी इच्छा (दूध का सागर) पूरी करते हुए, शिव ने उन्हें अपनी कृपा से यह अमृतमय सागर दिया, ताकि वे कभी भूखे न रहें और ज्ञान प्राप्त करें तभी से शिवभक्त भगवान को दूध अर्पण करते है ताकि उपमन्यु की तरह उन्हें भी शिव की कृपा मिलती रहे। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### एड्स के संचरण एवं उसकी रोकथाम की दी जानकारी

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी का डॉ. नीतू मंडावी सहायक निदेशक छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने दौरा किया। डॉ. नीतू मंडावी ने महाविद्यालय में रेडरिबन क्लब का निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं से संवाद किया। एड्स एवं एचआईव्ही से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी, एड्स के संचरण एवं उसकी रोकथाम की जानकारी दी गई।

## मन को सुंदर सदन बनाने का संकल्प ही जीवन की सार्थकता है : पं. अतुलकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गौशाला मैदान में आयोजित श्रीराम कथा के पंचम दिवस पंडित अतुल कृष्ण महाराज ने राजा जनक एवं जनकपुर के आदर्श राज्य का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जहां का राजा धर्मात्मा, परमार्थी और न्यायप्रिय होता है, वहां की प्रजा स्वतः श्रेष्ठ बन जाती है। सच्चा शासक वही होता है, जो प्रजा को समझते हुए उसके साथ खड़ा रहे। इसी कारण राजा जनक के घर जगतजननी माता जानकी का अवतरण हुआ। आगे कहा कि जब संतान कोई महान कार्य करती है, तब माता-पिता एवं गुरु को जो



आनंद प्राप्त होता है, वही जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण होता है। पं. अतुल कृष्ण ने कहा कि सत्यम, शिवम और सुंदरम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर मन को सुंदर सदन बनाया जा सकता है, जिससे स्वयं का जीवन स्वर्ग समान बन जाता है और यही कथा की वास्तविक सार्थकता है।

आगे कहा कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार है, जिसकी मर्यादाएं जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करती हैं। विवाह को संस्कारिक उत्सव के रूप में मनाकर जीवन को मंगलमय बनाना चाहिए। राम-जानकी विवाह महोत्सव में श्रोता भक्ति में सराबोर हो गए।

### धर्म की रक्षा और सामाजिक सद्भावना ही कथा का उद्देश्य : पं. राजेश शर्मा

कथा के आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सनातन संस्कृति के समक्ष अनेक चुनौतियां प्रस्तुत की जा रही हैं। ऐसे समय में समाज में सद्भावना स्थापित करना और धर्म की रक्षा करना ही कथा आयोजन का पवित्र उद्देश्य है।

## युवाओं को मिल रहा सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण

■ धमतरी में 10 से 24 जनवरी तक अग्निवीर भर्ती रैली

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा आगामी सेना भर्ती रैलियों की तैयारी को लेकर विशेष पहल की जा रही है। राज्य सरकार एवं प्रशासनिक तंत्र के समन्वय से जिले के नवयुवकों अग्निवीर भर्ती रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। 10 जनवरी से 24 जनवरी तक धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इस भर्ती रैली से जिले के युवाओं को रोजगार, अनुशासन और राष्ट्र सेवा का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन सुबह पांच बजे से इंडोर स्टेडियम धमतरी में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें प्रशिक्षित कोच एवं खेल अधिकारियों की देखरेख में युवाओं को 1600 मीटर दौड़ बीम, नौ फुट गड्ढा जंप, संतुलन टेस्ट सहित सेना भर्ती से संबंधित शारीरिक दक्षता अभ्यास व मेडिकल किया जा रहा है। जिला प्रशासन व एक्स हवलदार जीवन राम निषाद द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का काला खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

■ कार्रवाई नहीं होने से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद

नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों भू-माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। नियमों और कानून को ताक पर रखकर उपजाऊ कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। बिना किसी वैधानिक अनुमति और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों को दरकिनार करते हुए सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में तब्दील कर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार छिपली फरसियां ,सिहावा सांकरा, घटुला और बेलरगांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के किनारे यह अवैध गतिविधि तेजी से फैल रही है। भूमाफिया बिना





डायवर्सन (एनए) कराए कृषि भूमि को प्लॉट में बदलकर 15 से 20 लाख रुपये प्रति डिसमिल तक बेच रहे हैं। इससे न केवल शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है, बल्कि भविष्य में क्षेत्र में जलभराव और अव्यवस्थित बसाहट का गंभीर खतरा भी मंडरा रहा है।

### रसूखदारों का संरक्षण होने का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे अवैध कारोबार के पीछे कुछ रसूखदार व्यापारी और राजनीतिक प्रभाव वाले लोग शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रातों-रात खेतों की शक्ल बदल दी जाती है और प्रशासनिक अमला आंख मूंदे बैठा रहता है। यही कारण है कि अब तक किसी भी बड़े मामले में ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

### नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

छत्तीसगढ़ शासन का स्पष्ट निर्देश है कि बिना अनुमति प्लॉटिंग करने पर एफआईआर, जमीन जब्ती और नक्शा निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्रवाई की जाए। इसके बावजूद नगरी क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मुख्य सड़कों से 60 मीटर तक निर्माण पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है।

## मेनोनाईट स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीर बाल शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शाला की प्राचार्या श्रीमती ए. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने धर्म और देश की रक्षा के लिए परिवार सहित अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसी तरह हमें भी अपने देश एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इश्मीत कौर बग्गा ने गुरु गोविंद सिंह के बलिदान एवं उनके जीवन के विषय में अपने विचार साझा किए।

## 25 शॉपिंग काम्प्लेक्स की नीलामी, रिकार्ड 11.80 करोड़ का राजस्व अर्जित करने का मार्ग प्रशस्त



■ नपा अध्यक्ष ज्योति ने इसे कुरुद के इतिहास में सबसे बड़ी बोली बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पालिका कुरुद ने 25 दुकानों की नीलामी कर 11 करोड़ 80 लाख 14 हज़ार की राजस्व प्राप्ति करने का मार्ग प्रशस्त कर अब तक के रिकार्ड में सबसे बड़ी नीलामी बोली लगाने का इतिहास रचा है। लगभग 6 करोड़ से सर्वसुविधायुक्त काम्पलेक्स, रोड, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

शनिवार को मंगल भवन में नीलामी बोली आयोजित हुई। बाईपास रोड की दुकान नीलामी में सर्वाधिक 291 व्यवसायियों ने भाग लिया। बाईपास मुख्य मार्ग में छोटे, बड़े सभी व्यवसाय के लिए 27 दुकानों की नीलामी सार्वजनिक रूप से नगरपालिका द्वारा की गई। जिसमें सिर्फ़ दो दुकान थर्ड जेंडर और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए आरक्षित दुकान में कोई भी लोग नीलामी में भाग नहीं लिया। उक्त बोली में नगर के व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने मिलकर भागीदारी निभाई है।

**विधायक ने कीमती जमीन दिलाने में दिखाई थी विशेष रुचि**

नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने कहा कि कुरूद नगर के व्यापार जगत को आगे बढ़ाने के लिए विष्णु के सुशासन में अजय के विकास रथ को निरंतर कुरूद में चलाते रहेंगे। खासकर विधायक चन्द्राकर का विशेष आभार माना जिन्होंने हमारी नगरपालिका को इस कीमती ज़मीन को दिलाने में विशेष रूचि लेकर अपना सर्वाधिक सहयोग प्रदान किया। हमारी परिषद के सभी पार्षद भी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने परिषद में संकल्प पारित कर कुरूद का सबसे सर्वसुविधायुक्त काम्पलेक्स बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, सभापतिगण, सीएमओ सहित पार्षदगण व व्यापारीगण उपस्थित थे।

## पटवारियों की 29 से हड़ताल



■ सभी प्रकार के राजस्व एवं शासकीय कार्य ठप रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी


कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान तथा राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय एवं जिला निर्देशानुसार तहसील कुकरेल के सभी पटवारी 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के कारण तहसील क्षेत्र में सभी प्रकार के राजस्व एवं शासकीय कार्य पूर्णतः बंद रहेंगे। पटवारियों ने तहसीलदार कुकरेल ख्याति कंवर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। राजस्व पटवारी संघ तहसील कुकरेल के अध्यक्ष द्विजराम मरकाम ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शासन द्वारा अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के संरक्षक योगेंद्र श्रीमाली, कुशल कुंजाम, उपाध्यक्ष सुरेश वत्सल, सचिव विरेंद्र कुमार कुंजाम, मीडिया प्रभारी ऋषि कपूर गंगेले, लक्ष्मी धनेशकर, सह-सचिव गोविंद प्रसाद साहू सहित अन्य पटवारी उपस्थित थे।

पटवारियों की प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुरूप केंद्र सरकार के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) एवं महंगाई राहत (डीआर) प्रदान करना, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स को जीपीएफ खाते में समायोजित करना शामिल है। इसके अलावा विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने, समयमान वेतनमान लागू करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति में सीलिंग समाप्त करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने तथा संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग की गई है। हड़ताल के चलते नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व कार्य प्रभावित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### मरार पटेल समाज की बैठक आज



**सांकरा।** ग्राम सांकरा के पटेल सामाजिक भवन में 28 दिसंबर को कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज की बैठक रखी गई है। बैठक में विशेष रूप से युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज अध्यक्ष सियाशरण पटेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज मीडिया प्रभारी व उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सिहावाराज राजू पटेल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी सचिव युवराज पटेल ने दी है।

### धौराभाठा में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**धमतरी।** ग्राम धौराभाठा में 23 से 29 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक प्रसिद्ध कथावाचक पं. गौरव शर्मा हैं। कथा का शुभारंभ 23 दिसंबर को वेदी पूजन, कलश यात्रा एवं श्री परीक्षित जन्म प्रसंग से हुआ। 24 से 28 दिसंबर तक श्री कपिलोपाख्यान, प्रह्लाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा, महारास लीला, श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा का समापन 29 दिसंबर को परीक्षित मोक्ष, गीता उपदेश, तुलसी वर्षा एवं पूर्णाहुति के साथ होगा। इस आयोजन का आयोजन जय मां शीतला युवा प्रकोष्ठ, ग्राम विकास समिति धौराभाठा एवं ग्रामीण महिला समूह के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

### नगरी में आज निकलेगी कलश यात्रा

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के डीहीपारा में पेट्रोल पंप के समीप स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा मंदिर प्रांगण में 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में गिरौदपुरी धाम निवासी धर्मगुरु युवराज गुरु सौरभ साहेब प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सेना का नगर आगमन होगा। धर्मगुरु सौरभ साहेब के स्वागत में शहर के मुख्य चौक से भव्य रैली, कलश यात्रा एवं पंथी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु पूरे उत्साह और पारंपरिक वेशभूषा में गुरुजी का स्वागत करते हुए डीहीपारा पेट्रोल पंप स्थित गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण तक पहुंचेंगे, जहां जैतखाम में धर्मगुरु सौरभ साहेब द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विष्णु कुमार टंडन सतनामी समाज ब्लॉक अध्यक्ष नगरी, सचिव घनानंद सोनवानी, कोषाध्यक्ष भगत मनहरे, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप, योगेश भट्ट, चैनसिंह गहने मीडिया प्रभारी, शिवकुमार लहरे, हिरऊ कोसरे, बहुर कोसरे, अर्जुन चेलक एवं सुरेश कुर्रे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### खरेंगा में शहीद मनीष नेताम के स्मारक का अनावरण आज

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा में 28 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे बलिदानी मनीष नेताम के शहीद स्मारक का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर शहीद का बलिदान दिवस तथा वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की विजय की स्मृति में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर तेजेंद्र सिंह बावा कमांडर छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कप्तान भारतीय नौसेना अनिल कुमार शर्मा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि दयाराम साहू, रूपेन्द्र कुमार साहू पूर्व नौसैनिक रायपुर, दीपक कुमार झा, डीपी गोस्वामी, अनिकेत भारद्वाज, मोनिका ऋषभ देवांगन, गीतेश्वरी साहू, हिमांशु शेखर साहू एवं नीलम साहू होंगे। कार्यक्रम में शहीद स्मारक के अनावरण के बाद शहीद परिवार, वीर नारी, 1971 के योद्धा एवं तीन विशिष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। देशभक्त कवि सम्मेलन तथा जोशी बहनों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं शहीद परिवार द्वारा किया जा रहा है।

---

सर्व समाज समन्वय महासभा छग के प्रदेश अध्यक्ष ने किया आमाबेड़ा क्षेत्र का दौरा

# कांकेर की घटना निंदनीय, लेकिन सरकार सभी के साथ न्याय कर रही है : डॉ. संजीव

- रायपुर वापसी के दौरान रेस्ट हाउस में हरिभूमि से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. संजीव वशिष्ठ कांकेर के बड़े तेवड़ा आमाबेड़ा क्षेत्र का दौरा कर शनिवार को रायपुर वापसी के दौरान स्थानीय रेस्ट हाउस में रुके। यहां आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कांकेर जिले के आमाबेड़ा बड़ेतेवड़ा क्षेत्र में हुई घटना को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लिया है और सभी पक्ष के साथ न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

प्रो. वशिष्ठ ने बताया कि 90 गांवों की बैठक के बाद वे पीड़ित लोगों से मिलने कांकेर पहुंचे। वहां पीड़ित परिवारों, सर्व आदिवासी समाज और जिला पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित क्षेत्र में अतिक्रमण न हो, स्थानीय परंपराओं का सम्मान किया जाए, क्षेत्र में जबरन धर्मांतरण रोका जाए तथा अवैध प्रार्थना सभाओं को हटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बड़ेतेवड़ा-आमाबेड़ा की घटना में जो भी लोग दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रेसवार्ता में बताया कि कांकेर जिले की यह घटना एक धर्मांतरित व्यक्ति के शव के दफनाने को लेकर उत्पन्न विवाद से जुड़ी है। तनाव बढ़ने पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें लाठीचार्ज के दौरान कई आदिवासी ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए। इस पर सर्व समाज समन्वय महासभा ने गंभीर सवाल उठाए कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में, जहां ग्राम सभा और आदिवासी समाज को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, वहां प्रारंभिक स्तर पर बल प्रयोग कितना उचित था। महासभा की ओर से एसपी को सौंपे गए आवेदन में भारत सरकार के गृह सचिव, छत्तीसगढ़ सरकार के गृह सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा के प्रांतीय, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय संगठन महासचिव, जिला प्रशासन और प्रदेश के मीडिया से हस्तक्षेप की मांग की गई। आवेदन में कहा गया कि अनुसूचित क्षेत्र में किसी भी धार्मिक या सामुदायिक संरचना का निर्माण ग्राम सभा की अनुमति के बिना अवैध है और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी संवाद व संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से समाधान निकालना होनी चाहिए।

प्रो. वशिष्ठ ने कहा कि सर्व समाज समन्वय महासभा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ आदिवासी समाज के अधिकारों, शांति और सामाजिक समरसता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेसवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष पद्मनी चंद्राकर, जिला संयोजक दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष श्यामा पटेल, कोषाध्यक्ष विमला पटेल, सहसचिव रेणुका नाडेम एवं वरिष्ठ सदस्य विजय पदमवार, पूरण देव नाडेम आदि उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सड़क पर उतरा हिंदू जागरण मंच

- घड़ी चौक पर सांकेतिक प्रदर्शन, बांग्लादेश और जिहादी मानसिकता का पुतला दहन किया






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार, हत्या और दीपू चंद्र दास के साथ हुए अमानवीय कृत्य के विरोध में हिंदू जागरण मंच द्वारा शहर के प्रमुख घड़ी चौक में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज बनाकर आक्रोश व्यक्त किया तथा बांग्लादेश और जिहादी मानसिकता का प्रतीकात्मक पुतला फांसी पर लटकाकर दहन किया।

प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि वहां कट्टर मानसिकता वाले तत्वों द्वारा हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, उनके घर जलाए जा रहे हैं, संपत्तियां लूटी जा रही हैं और महिलाओं को परेशान किया जा रहा है। केंद्र सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि भारत सरकार हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पाती है तो हिंदू समाज स्वयं संगठित होकर इसके लिए आगे आएगा। पुरुषोत्तम निषाद ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो हो रहा है वह मानवता पर कलंक है। भारत सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रतीक सोनी ने कहा कि हिंदुओं की हत्या और उत्पीड़न को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस मुद्दे को उठाया जाना चाहिए। डाकेश्वर साहू ने कहा कि यदि सरकार निर्णायक कदम नहीं उठाती, तो हिंदू समाज अपने लोगों की रक्षा के लिए खड़ा होगा। चित्रेश साहू और सत्यम सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि बांग्लादेश में एक शांत एवं स्थिर सरकार के गठन में भारत को सहयोग करना चाहिए, ताकि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शुभम केशवानी, अभिषेक राजा, देवेंद्र फुटान, विजयंत और प्रांजल ने भी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की। नारेबाजी के कारण कुछ समय के लिए घड़ी चौक क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर रखी गई।

# पैसों के लिए बदमाशों ने नाबालिग पर किया चाकू से हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रात्रि में अपने घर लौट रहे नाबालिग को रोककर बदमाशों ने पैसों के लिए चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। इस घटना में नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व परिजनों के अनुसार स्थानीय हटकेशर वार्ड के बरपारा निवासी दिलेश ध्रुव पिता लक्ष्मीनारायण उम्र साढ़े 16 वर्ष शुक्रवार की शाम अपनी बुआ को मोटरसाइकिल में बिठाकर उसके घर पोस्ट आफिस वार्ड छोड़ने गया था। बुआ को छोड़ने के बाद दिलेश मोटरसाइकहल में पेट्रोल डलवाकर रात्रि में वापस अपने घर बरपारा लौट रहा था। नाबालिग हटकेशर स्थित कांटातालाब के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान बिट्टू नायक अपने 4 से 5 साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल को रोका और शराब के लिए दिलेश से पैसे की मांग की। नाबालिग ने पैसा नहीं होना बताया। इतना सुन बिट्टू ने गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ दिलेश से मारपीट की। बिट्टू नायक ने अपने पास धारदार चाकू निकाल नाबालिग के बाएं पैर की जांघ व बाएं हाथ में हमला कर दिया। इस हमले के बाद नाबालिग लहूलुहान होकर गिर गया। घटना के बाद सभी बदमाश मौके से भाग गए। घायल नाबालिग ने किसी तरह जेब से मोबाइल निकाल अपने पिता को सूचना दी। परिजन तत्काल कांटातालाब पहुंचे और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को वार्ड में भर्ती किया गया है। अस्पताल में घायल नाबालिग का उपचार जारी है। घायल के पिता लक्ष्मीनारायण ध्रुव की शिकायत पर कोतवाली पुलिस आरोपी बिट्टू नायक व उसके साथियों के खिलाफ धारा 118/1, 119/1, 296, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

# हल्बा समाज की पहचान उसकी एकता और संस्कृति से है : इंदर



- बिरगुड़ी में आयोजित शक्ति दिवस समारोह में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम बिरगुड़ी में आदिवासी हल्बा समाज द्वारा शक्ति दिवस समारोह उत्साह, श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा थे। मुख्य अतिथि श्री चोपड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि हल्बा समाज की पहचान उसकी एकता, संस्कृति और आपसी सहयोग से है। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट रहकर एक-दूसरे की सहायता करने तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुमन बिसेन अध्यक्ष हल्बा समाज धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि पिंकी शाह पूर्व विधायक सिहावा, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, प्रकाश बैस जिला अध्यक्ष भाजपा, अकबर कश्यप जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अमृत नाग सरपंच बिरगुड़ी थे।

इस अवसर पर दिग्विजय सिंह ध्रुव, डाकेंड कश्यप, दीपक बिसेन, मनोज कश्यप, नरेंद्र कश्यप, हेमिन बिसेन, तामिश सोम, जगभूषण कश्यप, बुद्धेश्वर नायक, संतोष नाग, रविन्द्र गौर, डाकेंद्र कश्यप, भोजराज नाग, राधेश्याम नाग, डोमार नाग, कमलेश नाग, दुर्गेश, यशवंत नाग, लखन बिसेन, लीलाधर कश्यप, नंदूराम नाग सहित सामाजिकजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ठिठुरन भरी सर्दी : न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पर

**धमतरी।** अंचल में ठिठुरन भरी सर्द मौसम का आलम है। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पर है, वहीं अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पर है। फिलहाल तीन दिन तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में वृद्धि के आसार हैं। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर छग के जिलों में एक दो स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। प्रदेश में अगले तीन दिन तक न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम सूत्रों के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पर रहा। रवि-सोमवार को अधिकतम तापमान में 1 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं बुधवार तक न्यूनतम तापमान 12 डिग्री पर बने रहने की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में क्रमिक वृद्धि होगी। यह शुक्रवार तक अधिकतम तापमान 28 तथा न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकती है। इसके बाद तापमान में फिर गिरावट होने की संभावना है।

# कांग्रेस के धरना यज्ञ में पहुंचे महापौर



**धमतरी।** नगर निगम की बदहाल कार्यप्रणाली, मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी और कथित भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा किया जा रहा सात दिवसीय धरना प्रदर्शन शुक्रवार को समाप्त हो गया। अंतिम दिन धरना स्थल पर यज्ञ का आयोजन कर पूर्णाहुति दी गई। इस दौरान उस समय राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई, जब स्वयं महापौर रामू रोहरा धरना स्थल पर पहुंचे और यज्ञ में शामिल होकर पूर्णाहुति दी।

नगर निगम कार्यालय के सामने 16 दिसंबर से शुरू हुए इस धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि शहरवासियों की पीड़ा और नाराजगी की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस का आरोप है कि नगर निगम क्षेत्र में पेयजल, सफाई, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं लगातार बदहाल होती जा रही हैं, जबकि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। धरना समाप्ति के दिन आयोजित यज्ञ में कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार और नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला।

इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने कहा कि महापौर को ग्रामीण आयोजनों के बजाय शहर के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पिछले दो वर्षों से भाजपा सरकार होने के बावजूद विकास कार्य ठप पड़े हैं। धरना प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष सहित कई पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं यज्ञ में शामिल होने पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि वे सद्बुद्धि यज्ञ में शामिल हुए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विकास कार्य लगातार हो रहे हैं और कांग्रेस स्वयं भ्रम की स्थिति में है। महापौर ने कहा कि यज्ञ में उनका जयकारा लगना यह दर्शाता है कि जनता सब समझ रही है। सद्बुद्धि की जरूरत किसे है, यह शहर और जनता तय करेगी।

# भाजपाइयों ने साहिबजादों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा द्वारा गुरुद्वारे के समक्ष वीर बाल दिवस श्रद्धा, गरिमा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। सरदार विजय सिंह, अरुण सिंग, जस्सी सिंग ने गुरुज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि वीर बाल दिवस भारत की आत्मा, साहस और धर्मरक्षा की अमर गाथा का प्रतीक है। अल्पायु में साहिबजादों ने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा हेतु शहादत दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस की घोषणा देश के इतिहास में छिपे ऐसे महान बलिदानों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कदम है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि सिख परंपरा में साहस, सेवा और समर्पण की जो भावना है, वही भारत की सांस्कृतिक शक्ति है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि साहिबजादों की शहादत यह सिखाती है कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ निश्चय सबसे बड़ी शक्ति है। जिला महामंत्री महेंद्र पंडित ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत की स्वतंत्रता और संस्कृति असंख्य बलिदानों से सुरक्षित है।

जिला महामंत्री राकेश साहू ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मृति का नहीं, बल्कि संकल्प का दिवस है। आभार प्रदर्शन भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश की एकता, अखंडता एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जसपाल छाबड़ा, हरजिंदर छाबड़ा, कविंद्र जैन, विजय साहू, राकेश चंदवानी राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, चिराग आथा, रोहिताश मिश्रा ,विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, भारती साहू, रीटा बंजारे, अनीता अग्रवाल,आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, मनीष साहू, शुभांक मिश्रा, विशाल रामरख्यानी, उमेश साहू जिला मीडिया प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सीएम विष्णुदेव साय से हेमराज ने लिया आशीर्वाद



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी का दायित्व मिलने पर हेमराज सोनी ने मुख्यमंत्री निवास पर सीएम विष्णुदेव साय से भेंटकर उनसे आशीर्वाद लिया और नई जिम्मेदारी मिलने पर आभार व्यक्त किया।

गोंडवाना भवन में आदिवासी हल्बा समाज ने आयोजित किया शक्ति दिवस

# एकता आदिवासी समाज की वास्तविक शक्ति : गंगराले

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





आदिवासी हल्बा समाज द्वारा शक्ति दिवस का आयोजन गोंडवाना भवन में किया गया। मुख्य अतिथि यूआर गंगराले अध्यक्ष वीर मेला समिति थे। विशिष्ट अतिथि जीवराखन मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, देवनाथ नेताम प्रदेश अध्यक्ष नगारची समाज, जयपाल ठाकुर तहसील अध्यक्ष गोंड़ समाज धमतरी, ठाकुरराम नेताम तहसील अध्यक्ष गोंड़ समाज भखारा, हल्बा समाज अध्यक्ष गोविंद ठाकुर, महेश रावटे, एचआर.परिहा, आरएल देव, एसआर ठाकुर, महेन्द्र सिंह, पंकज परिहा, रामनारायण चुरेन्द्र, शंकर रावटे, अरुण नाग, मालती रावटे, राधा उर्वशा, जयश्री रावटे, माधुरी रावटे, मन्नम राणा, रामेश्वर मरकाम थे। श्री गंगराले ने कहा कि आदिवासी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना में निहित है। जीवराखन मरई ने कहा कि वर्तमान में हल्बा समाज की पांच अलग-अलग महासभाएं कार्य कर रही हैं, जिनका एकीकरण समय की आवश्यकता है। एकजुटता से ही समाज मजबूत बनेगा। देवनाथ नेताम ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अपने महापुरुषों के विचारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। जयपाल ठाकुर ने कहा कि शक्ति दिवस जैसे कार्यक्रम समाज को संगठित, जागरूक और अधिकारों के प्रति सजग बनाते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। बच्चों द्वारा आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। महिलाओं एवं बच्चों के लिए कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ सहित अन्य खेल हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रुकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक